वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक—
परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक : 484 / प.नि.का. / 2024

दिनांक : 10.04.2024

सेवा में,
प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांन्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय— सम सेमेस्टर की स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा सत्र 2023–24 हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर की स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा सत्र 2023–24 दिनांक–15.04.2024 से निर्धारित है। उक्त परीक्षा में महाविद्यालय के अनुमोदित प्राचार्य ही केन्द्राध्यक्ष का कार्य देखेगें। यदि महाविद्यालय में प्राचार्य अनुमोदित नहीं है अथवा अन्य किसी कारण से महाविद्यालय में उपस्थित नही है तो वे महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक का अनुमोदन पत्र, दो नवीनतम फोटोग्राफ, विगत छः माह का वेतन भुगतान का प्रमाण, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, प्रस्तावित शिक्षक का मोबाइल नम्बर व ईमेल आई.डी. तथा प्राचार्य के अस्वस्थ व बीमार होने की स्थिति में चिकित्सा प्रमाण–पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराकर केन्द्राध्यक्ष नियुक्त करा लें। यदि किन्हीं कारणों से महाविद्यालय द्वारा केन्द्राध्यक्ष नियुक्त नहीं कराते हैं और उडाका दल द्वारा या किसी अन्य माध्यम से केन्द्राध्यक्ष के सन्दर्भ में शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

10.04.24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा।
4. प्रभारी वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक